पत्र सूचना कार्यालय
भारत सरकार
गृह मंत्रालय

केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने मध्य प्रदेश में पीएमएवाई-जी के तहत 1.75 लाख गरीब परिवारों के गृह प्रवेश पर लाभार्थी परिवारों को शुभकामनाएँ देते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया

"आज पीएम आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत मध्य प्रदेश में 1.75 लाख परिवारों का गृह प्रवेश पीएम मोदी के गरीब-कल्याण के संकल्प व संवेदनशील नेतृत्व का प्रमाण है"

"2022 तक हर व्यक्ति के सर पर छत पीएम मोदी जी का लक्ष्य है, इसी सपने को साकार करने की दिशा में मोदी सरकार दिन-रात प्रयासरत है"

"प्रधानमंत्री आवास योजना गरीबों को समाज में सम्मान व गरिमापूर्ण जीवन जीने का अधिकार देकर उन्हें सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभा रही है"

"मोदी सरकार ग्रामीण भारत के विकास और देश के गरीब वर्ग के कल्याण के प्रति हमेशा से समर्पित रही है"

नई दिल्ली, 12.09.2020

केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने मध्य प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के तहत 1.75 लाख गरीब परिवारों के गृह प्रवेश पर लाभार्थी परिवारों को शुभकामनाएँ देते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

अपने ट्वीट्स में श्री अमित शाह ने कहा कि "मोदी सरकार ग्रामीण भारत के विकास और देश के गरीब वर्ग के कल्याण के प्रति हमेशा से समर्पित रही है। आज पीएम आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत मध्य प्रदेश में 1.75 लाख परिवारों का गृह प्रवेश प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के गरीब-कल्याण के संकल्प व संवेदनशील नेतृत्व का प्रमाण है"।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि "प्रधानमंत्री आवास योजना गरीबों को समाज में सम्मान व गरिमापूर्ण जीवन जीने का अधिकार देकर उन्हें सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभा रही है। 2022 तक हर व्यक्ति के सर पर छत पीएम मोदी जी का लक्ष्य है, इसी सपने को साकार करने की दिशा में मोदी सरकार दिन-रात प्रयासरत है"।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी आज मध्यप्रदेश में पीएमएवाई-जी के अंतर्गत निर्मित 1.75 लाख घरों के गृह प्रवेश में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये शामिल हुए। इन सभी घरों को वर्तमान चुनौतीपूर्ण कोविड-19 महामारी की अवधि के दौरान तैयार किया गया है।

प्रधानमंत्री के 2022 तक "सभी के लिए आवास" के आह्वान पर 20 नवंबर, 2016 को पीएमएवाई-जी शुरू की गई थी। अब तक इस योजना के तहत देश भर में 1.14 करोड़ घर बन चुके हैं। केवल मध्य प्रदेश में ही अब तक 17 लाख गरीब परिवार इस योजना से लाभान्वित हो चुके हैं। ये सभी घर ऐसे गरीब लोगों के लिए बनाए गए हैं जिनके पास या तो कोई घर नहीं था या वे पुराने अस्थायी घरों में रह रहे थे।

पीएमएवाई-जीके तहत, प्रत्येक लाभार्थी को 1.20 लाख रूपये का 100 प्रतिशत अनुदान दिया जाता है। जिसमें केन्द्र और राज्य के बीच अनुपात 60:40 है। पीएमएवाई-जी के तहत निर्मित इन सभी घरों के लिए धन राशि भौगोलिक दृष्टि से सत्यापित फोटोग्राफ के माध्यम से निर्माण के विभिन्न चरणों के सत्यापन के बाद 4 किस्तों में सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में डाल दी जाती है। इस योजना में वर्ष 2022 तक 2.95 करोड़ घर बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

https://twitter.com/amitshah/status/1304679603961643008?s=21

https://twitter.com/amitshah/status/1304679750602903552?s=21

***

एनडब्लू/आरके/पीके/एडी/डीडीडी